जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार    ہمارا وطن ہفت روزہ    संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com  FOLLOW US:- Hamarawatan  Hamarawatan65  Hamarawatan3  Hamarawatan

वर्ष- 59    अंक-11    जयपुर, सोमवार, 20 मार्च, 2023    वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.)    पृष्ठ संख्या 4

### राजस्थान में 19 नए जिले और 3 संभाग बनाने की घोषणा

## सीएम अशोक गहलोत का मास्टर स्ट्रोक

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने चुनाव से पहले मास्टर स्ट्रोक खेला है। सीएम गहलोत ने 19 नए जिले और 3 संभाग बनाने की घोषणा की है। सीएम अशोक गहलोत की घोषणा से प्रदेश में जिलों की संख्या बढ़कर 50 हो गई है। जबकि संभाग 10 हो गए है। पहले 33 जिले थे और 7 संभाग थे।

राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने विधानसभा में बजट बहस का जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश में 6 हजार से ज्यादा मदरसा पैराटीचर्स की भर्ती होगी। इसके अलावा सीएम ने उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर जयपुर के गोविंददेवजी मंदिर का विकास करवाने की घोषणा की है। इस पर 100 करोड़ रुपए का खर्चा होगा। इसी तरह पुष्कर का भी विकास किया जाएगा। चुनावी साल में इस घोषणा को काफी अहम माना जा रहा है। त्रिपुरा सुंदरी, सांवलियाजी, खोले के हनुमानजी, तनोट मातेश्वरी, श्रीनाथजी, कैला देवी, वीर तेजा जी, एकलिंगजी जैसे प्रसिद्ध मंदिरों के विकास के लिए डीपीआर बनाई जाएगी।

**ये बने नए जिले** -अनुपगढ, ब्यावर, बालोतरा, डीग, डीडवाना, दूदू, गंगापुर सीटी, जयपुर उत्तर, जयपुर दक्षिण, जोधपुर पूर्व,जोधपुर पश्चिम, केकड़ी, कोटपुतली, बहरोड़, खैरथल, फलोदी, सलुंबर, सांचोर,



शाहपुरा और नीम का थाना । जबकि बासंवाड़ा, पाली और सीकर को संभाग बनाया गया है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ओल्ड पेंशन स्कीम देशभर में लागू करने की मांग की है। सीएम गहलोत ने विधानसभा में बजट बहस पर जवाब देते हुए कहा कि ओपीएस पर चुनाव से पहले पीएम मोदी को भी फैसला करना होगा। आप संभल जाइए, हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र में कई राज्यों में मांग उठ रही हैं। जब 65 साल में कांग्रेस ने ओपीएस लागू करके आगे बढ़ाया। पंडित नेहरू के पास दूरदृष्टि थी, उन्होंने आधुनिक भारत की नींव रखी। जिसका लाभ आज देश को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 30 मार्च से 25 लाख रुपए वाली नई चिरंजीवी योजना लागू होगी।

सीएम गहलोत ने कहा कि पुरानी पेंशन स्कीम लागू थी तब ही देश ने प्रगति की थी। हमारे देश में सुई से लेकर कहां तक हम पहुंच गए है। पुरानी पेंशन से देश का विकास हुआ है। हम कर्मचारियों को शेयर मार्केट के सहारे नहीं छोड़ सकते हैं। सीएम गहलोत ने कहा कि जब विधायक एनपीएस की तरह अपने पैसे कटवा सकते है तो दूसरों को शेयर मार्केट के आधार पर कैसे छोड़ सकते हैं। सीएम गहलोत ने आरोप लगाया कि हमारे द्वारा शुरू की गई यूनिवर्सिटी बंद कर दी गई थी। अब भविष्य में आपको मौका नहीं देंगे।

**सीएम ने कहा कि कोरोना में हमारा राजस्व ज्यादा हुआ।**

सिलेंडर की बात हो, चिरंजीवी योजना की बात हो, ओपीएस की बात हो, हमनें कई ऐसी योजनाएं लॉन्च की है। ओपीएस को समझने के लिए दूसरे राज्य की टीम यहां पर आ रही है। गहलोत ने कहा कि समाज में छूआछूत मानवता के लिए कलंक है। हमने सामाजिक सुरक्षा को मुद्दा बनाया है। एआईआर हमने अनिवार्य कर दिया है। गरीब आदमी की सुनवाई हो रही है। जांच में पहले ज्यादा समय लगता था। सीएम ने कहा कि केंद्र ने राज्यों का हिस्सा कम किया है। गहलोत ने फिर कहा कि ओपीएस रुकने वाली नहीं है। चाहे बीजेपी कितनी ही अड़चनें पैदा करें।



## मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का लक्ष्मणगढ़ में श्री श्याम मंदिर समिति अध्यक्ष प्रतापसिंह चौहान व पदाधिकारियों ने किया अभिनंदन

**सीकर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का लक्ष्मणगढ़ में श्री श्याम मंदिर समिति अध्यक्ष प्रतापसिंह चौहान व पदाधिकारियों ने अभिनंदन किया। गहलोत ने समिति पदाधिकारियों का आभार जताया। गहलोत सीकर के लक्ष्मणगढ़ में शेखावाटी उत्सव के समापन समारोह में भाग लेने आए थे । उन्होंने कहा कि अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ राज्य सरकार कार्य कर रही है। इस वर्ष के बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों, श्रमिकों, आम उपभोक्ताओं तथा वृद्धजनों सहित सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शेखावाटी वीरों की धरती रही है। उन्होंने कहा कि शेखावाटी से संबंध रखने वाले उद्योगपति पूरे देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करते हैं। देश की रक्षा करने में भी शेखावाटी के लोग अग्रिम पंक्ति में खड़े हैं। गहलोत ने कहा कि शेखावाटी उत्सव में शामिल होकर गर्व की अनुभूति हो रही है। यह उत्सव क्षेत्र की संस्कृति एवं परम्परा को जीवंत रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस दौरान प्रसिद्ध गायक एवं संगीतकार कैलाश खेर द्वारा भी प्रस्तुति दी गई। गहलोत ने कहा कि प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। राज्य सरकार द्वारा चिरंजीवी योजना के तहत 25 लाख रुपए के निःशुल्क उपचार के साथ ही 10 लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा दिया जा रहा है। इसमें किडनी, लीवर, हार्ट एवं अन्य अंग प्रत्यारोपण जैसे जटिल उपचार भी शामिल हैं।

## दौसा के दो साहित्यकारों का हुआ दिल्ली में सम्मान

**दौसा (हमारा वतन)।** मंजिल ग्रुप साहित्य मंच, दिल्ली के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय साहित्यकार सम्मेलन में दौसा के दो कवियों को 'मातोश्री' सम्मानित प्रदान किया गया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देवनगरी के दो साहित्यकारों क्रमशः कवि कृष्ण कुमार सैनी तथा बुद्धि प्रकाश महावर मन' (वरिष्ठ अध्यापक) को सम्मानित किया गया। मगसम के राष्ट्रीय संयोजक सुधीर सिंह सुधाकर ने बताया कि इन्हें यह सम्मान मां पर आधारित 1111 कविताओं के अंतरराष्ट्रीय स्तर के काव्य साझा संकलन में कविताओं





का चयन होने पर दिया गया है। सम्मान में प्रशस्ति पत्र, गोल्ड मेडल तथा स्मृति चिह्न भेंट किया गया। तत्पश्चात एक शाम मां के नाम कार्यक्रम में मां पर अपनी उत्कृष्ट रचना प्रस्तुत कर खूब वाह वाही लूटी। देश विदेश से संग्रहित हिंदी की 48,000 रचनाओं में से इन रचनाओं का चुनाव किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान सहित दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ, हरियाणा, कर्नाटक, उड़ीसा, महाराष्ट्र आदि राज्यों के साहित्यकार उपस्थित रहे। राष्ट्रीय कवि चौपाल, दौसा के वरिष्ठ सलाहकार बाबूलाल बोहरा ने बताया कि दोनों साहित्यकारों को सम्मानित होने पर राष्ट्रीय कवि चौपाल, आजाद कलम मंच, देवगिरी साहित्यिक संस्था व राष्ट्रीय कवि संगम, दौसा की रसोई, कला सुर संगीत, आदि संस्थाओं के पदाधिकारी व सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## हमारा वतन समाचार पत्र की ओर से सभी देशवासियों को भारतीय नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ





## पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने ग्राम जैतपुरा में प्रतिभाओं के घर जाकर दिनेश निठारवाल पुत्र मुरलीधर निठारवाल, अजय निठारवाल पुत्र चंदा राम निठारवाल, रोशन पंचोली पुत्र गजानंद पंचोली रेलवे ग्रुप सी में नियुक्ति तथा विकास निठारवाल पुत्र मंगल चंद निठारवाल को कंप्यूटर अनुमोदन में लगने पर साफा व मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। प्रतिभाओं ने पूर्व विधायक सैनी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य गोपाल गुलिया, जैतपुरा पूर्व सरपंच बाबूलाल टोडावता, दिनेश शर्मा, रामकिशोर सैनी, बाबूलाल बुनकर, पांचू राम निठारवाल, बाबूलाल जाजड़ा, सूरजमल, नंछू राम, मुरलीधर, जगदीश प्रसाद निठारवाल व महिंद्र गुलिया आदि मौजूद रहे।






लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर

क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !



सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी

निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

संपर्क - 9636247286, 9928747286

फ्री परामर्श

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# यूईएम यूनिवर्सिटी में टेक फेस्ट (टेकउतोपिया) 2023 का हुआ शुभारम्भ

**जयपुर (हमारा वतन)।** निजी विश्विद्यालय यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट जयपुर, उदयपुरिया मोड़ स्थित कैंपस में 18 मार्च को दो दिवसीय टेक फेस्ट (टेकउतोपिया)-2023 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ यूनिवर्सिटी वाईस चांसलर प्रो बिस्वेजॉय चटर्जी, रजिस्ट्रार प्रदीप कुमार शर्मा, डीन अनिरुद्ध मुखर्जी आदि ने किया। बराला हॉस्पिटल निदेशक डॉ. हनुमान बराला, जनकल्याण हॉस्पिटल निदेशक डॉ. एन सी निठारवाल व विभिन्न कंपनियों आये हुए प्रतिनिधिगण भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। यूनिवर्सिटी वाईस चांसलर प्रो. डॉ. बिस्वेजॉय चटर्जी ने बताया की यूईएम जयपुर टेक फेस्ट एक वर्षभर में आयोजित होने वाला एक महत्वपूर्ण टेक्नोलॉजी इवेंट है, जिसका आयोजन यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम) जयपुर द्वारा किया जाता है । इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों, उद्योग के विशेषज्ञों और शिक्षाविदों को अपने तकनीकी कौशल दिखाने, ज्ञान साझा करने और एक दूसरे के साथ सहयोग करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। दो दिवसीय टेक फेस्ट



कार्यक्रम टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में सबसे अधिक जानकारी और नवीनतम उन्नतियों का प्रदर्शन करने के लिए आयोजित किया जाता है। इस इवेंट के दौरान विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों के भाषण, वर्कशॉप, प्रतियोगिताएं और प्रदर्शनी आयोजित किए जाते हैं। TechUtopia इवेंट में रोबोटिक्स, कोडिंग, गेमिंग, क्विज़ और बहुत कुछ हैं। द डेथ रेस एंड रोबो सॉकर, जिसमें प्रतियोगी घड़ी के खिलाफ एक दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए रोबोट का निर्माण और कार्यक्रम करते हैं, और कोडिंग चैलेंज, जिसमें प्रतिस्पर्धी समयबद्ध प्रतियोगिता में कोडिंग चुनौतियों का समाधान करते हैं, कुछ प्रमुख घटनाएं हैं। अतिरिक्त गतिविधियों में गेमिंग प्रतियोगिता शामिल है, जहां खिलाड़ी विभिन्न प्रकार के मल्टीप्लेयर गेम और पीसी असेंबलर में प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं, जहां प्रतिभागी डेस्कटॉप कंप्यूटर को इकट्ठा करने के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं जो कि कम से कम समय में पूरी तरह कार्यात्मक है।

यूनिवर्सिटी उप निदेशक प्रोजेक्ट संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया की इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्रों और उपस्थित लोगों पर कई तरह से महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। सबसे पहले, वे व्यक्तियों को अपने कौशल और ज्ञान का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करते हैं, जो उनके आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान को बढ़ा सकता है। इसके अतिरिक्त, टेक फेस्ट में भाग लेने से छात्रों को उद्योग के पेशेवरों के साथ बातचीत करने और नवीनतम प्रगति में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने की अनुमति मिलती है। नए विचारों और दृष्टिकोणों का यह प्रदर्शन उपस्थित लोगों को विभिन्न कैरियर पथों का पता लगाने और नवीन परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर सकता है। यह नेटवर्किंग के लिए एक मंच भी प्रदान करता है, जिससे नौकरी के अवसर या अन्य पेशेवरों के साथ सहयोग हो सकता है। यह छात्रों को अपने कौशल को विकसित करने और प्रदर्शित करने, अपने ज्ञान का विस्तार करने और तकनीकी उद्योग में साथियों के साथ जुड़ने का स्थान प्रदान करता है।

TechUtopia 2023 जैसे एक भव्य को लेकर छात्र काफी उत्साहित है और यह उनके लिए सीखने, प्रतिस्पर्धा करने और नेटवर्क बनाने का एक उत्कृष्ट अवसर है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रमुखों के अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रो. सायक प्रमानिक, प्रो. रिधय, प्रो. चंद्रप्रकाश, प्रो. सौविक, प्रो. अंकित, प्रो. सुब्रो, प्रो. वरुण, डॉ. इमरान, प्रो. अनुराग हेमिलटन, प्रो. रविंद्र मांजू, प्रो. उमेश गुरनानी, प्रो. इमरान, प्रो. अंगशुमान, प्रो. सोपान, प्रो. अफाक, प्रो. सौगता, प्रो. दीप्ता, प्रो. सागरिका, प्रो. मनीषा, प्रो. संदीप दास के अलावा विद्यार्थियों में आदर्श सिंह, इशिका सर्राफ, सौरोदीप ऐश आदि उपस्थित रहे।

# माली समाज ने सामूहिक विवाह को लेकर दिया गणेशजी को निमंत्रण, 13 जोड़े बंधेंगे विवाह के बंधन में

**चौमूं (हमारा वतन)।** माली समाज विकास समिति चौमूं के तत्वाधान में सैनी समाज का आगामी रामनवमी 30 मार्च 2023 को होने वाले सामूहिक विवाह



सम्मेलन का सैनी समाज सभा भवन चौमूं में विवाह योग्य फाइनल 13 जोड़ों का सैनी समाज के पदाधिकारियों, संरक्षक मंडल एवं समाज बन्धुओं ने पीले चावल किए। नगर पालिका चौमूं चैयरमैन विष्णु कुमार सैनी के द्वारा श्री गणेश पूजन की गई। तत्पश्चात् सामूहिक रूप से सभी समाज बंधु गाजे-बाजे के साथ बस स्टैंड होते हुए श्री गणेश मंदिर में पहुंचे।

रास्ते में समाज बंधुओं का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, माली समाज के अध्यक्ष घीसालाल सैनी व समिति के पदाधिकारियों तथा समाज बंधुओ के साथ चौमूं गढ़ में श्री गणेश मंदिर में पूजा अर्चना के साथ रिद्धि सिद्धि के दाता गणेश जी महाराज को निमंत्रण देकर सामूहिक विवाह को सफल बनाने की प्रार्थना की। इस अवसर पर महामंत्री मदनलाल बागड़ी, उपाध्यक्ष मोहरी लाल चांदोलिया, गणेश नारायण बैंदाडिया, बाबूलाल भभेवा, शंकरलाल सिंगोदिया खेजरोली, कोषाध्यक्ष प्रभाती लाल सैनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरजमल ठेकेदार, भवन निर्माण समिति अध्यक्ष सायर सिंह तंवर, मंत्री छितरमल बबेरवाल ,संयुक्त मंत्री कन्हैयालाल इटावा, संरक्षक राधेश्याम तंवर, किशनलाल इंदौरा, मदनलाल सतरावला, रामचंद्र फड़या प्रहलाद सहाय अधोपया, दिनेश कुमार तिगरिया, पूर्व चेयरमैन गोविंद नारायण सैनी, कैलाश चन्द्र बेंनाडिया पूर्व सरपंच, डॉ. मान प्रकाश तंवर, हीरालाल पांच्या, सूरजमल करवा, गैंदीलाल जादम महारकलां, जगदीश प्रसाद बावलिया बांसा, भगवान सहाय गिरणा पूर्व सरपंच सामोद, जगदीश कटारिया, कानाराम पंवार, राजकुमार ईटावा , प्रहलाद राई, दानाराम तंवर, कैलाश ऐडवोकेट ,प्रभु राई सहकोषाध्यक्ष , कल्याण सहाय महारकलां, सुरेश तंवर, दीपक तंवर, कैलाश चांदोलिया ,गजानंद तंवर सहित समाज बंधु उपस्थित रहे ।




# ओमदास महाराज ने किया सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का पोस्टर विमोचन

**जयपुर (हमारा वतन)।** मानव जन जागृति संस्थान के तत्वावधान में 26 मार्च को चौमूं थाना के पीछे जय विलास गार्डन में आयोजित होने वाले सेवानिवृत्त सम्मान समारोह के पोस्टर का विमोचन सांगलिया धूणी सीकर के पीठाधीश्वर श्री श्री 108 ओमदास महाराज के द्वारा किया गया। संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक सौदागर कांदेला एवं संस्थान के जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ने बताया कि यह कार्यक्रम सांगलिया धूणी सीकर के पीठाधीश्वर श्री श्री 108 ओमदास महाराज के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। सौदागर कांदेला ने बताया कि राजस्थान में पहला अवसर होगा जिसमें लगभग 500 सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान किया जाएगा। संस्थान ने सर्व समाज के सामूहिक विवाह आयोजित कर सामाजिक जागृति, भाईचारा व एकता का परिचय दिया है।

इस कार्यक्रम में ऐसे परिवार जिन्होंने घर पर शादी की और दहेज प्रथा के खिलाफ संदेश देने का प्रयास करते हुए 1 रूपये नारियल में विवाह के दस्तूर करने वाले परिवारों का भी सम्मान कर मोटिवेशनल किया जाएगा ताकि समाज में दहेज मुक्त शादी की प्रेरणा का संदेश दिया जा सके। साथ ही सत्र 2022 व 23 में सरकारी सेवा में नव चयन हुए कर्मचारियों का सम्मान भी किया जाएगा। इस दौरान संस्थान के प्रदेश कोषाध्यक्ष मुकेश जिंदल, संस्थान के मुख्य प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गजानंद परिहार, गोविंदपुरा सरपंच पवन कांदेला सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# पंडित रविंद्र आचार्य ने करवाई श्री श्याम मिष्ठान भंडार में विशेष पूजा अर्चना

**जयपुर (हमारा वतन)।** अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने चौमूं शहर के राधा स्वामी बाग, एनएच 52, करवों की ढाणी स्थित श्री श्याम मिष्ठान भंडार में विशेष पूजा-अर्चना करवाई । विशेष पूजा अर्चना कर संचालक बद्रीनारायण सैनी, विकास सैनी और बंटी सैनी को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया और कहा कि बाबा श्याम की कृपा आप पर हमेशा बनी रहे ।



संचालक विकास सैनी ने बताया कि हमारे यहां पर गणगौर त्यौहार को देखते हुए स्वादिष्ट घेवरों का निर्माण किया जा रहा है । स्वच्छता और शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। हमारे यहां पर सीजन अनुसार घेवर, फीणी, पतासा, करवा, नमकीन आदि थोक और खुदरा रेट में उपलब्ध है । शादी



पार्टी के लिए हलवाई की भी बुकिंग की जाती है । इस दौरान राहुल दाधीच, हलवाई पूरणमल सैनी, प्रकाश सैनी, अनिल सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे । अधिक जानकारी के लिए 9653910774, 9079181150, 6375926884 पर संपर्क किया जा सकता है ।

# प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का किया कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत

**चौमूं (हमारा वतन)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का जयपुर से सीकर जाते समय चौमूं के राधास्वामी बाग कट पर विधानसभा चौमूं के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत और सम्मान किया । कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा को राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा और माला पहनाई । नगरपालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने बताया कि चौमूं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करने



पर चौमूं वासियों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी । मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेशाध्यक्ष का बहुत-बहुत आभार है । इस दौरान कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे ।

## राजस्थान सरकार तीसरा बच्चा होने पर कर्मचारी को देगी पदोन्नति

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान सरकार ने अपने कर्मचारियों के प्रमोशन को लेकर बड़ा फैसला लिया है। अब कर्मचारी तीसरा बच्चा होने पर भी प्रमोशन पा सकेगा। इससे पहले, सरकार ने ऐसे कर्मचारियों की पदोन्नति पर तीन साल के लिए रोक लगा दी थी। तीन बच्चों वाले स्टाफ को प्रमोशन और वेतन वृद्धि का लाभ तीन साल बाद ही मिलता था। यह नियम 2004 में लागू किया गया था, जब वसुंधरा राजे के पहली बार मुख्यमंत्री बनने के साथ राज्य में भाजपा की सरकार थी। उस समय सरकार ने 1 जून 2002 के बाद किसी राज्य सरकार के कर्मचारी का तीसरा बच्चे होने पर पदोन्नति रोकने का फैसला किया था। सरकार ने ऐसे कर्मचारियों की पदोन्नति और अन्य लाभ पांच साल के लिए बंद करने का फैसला किया था। इसका मतलब यह हुआ कि अगर किसी कर्मचारी को 1 जनवरी 2005 को पदोन्नति मिलनी थी तो उसे 1 जनवरी 2010 को दिया जाना था।


## जॉब्स

1. जिप्मेर, पद जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट, स्टेनोग्राफर व अन्य, पद संख्या 80, अंतिम तिथि 28 मार्च 2023
2. इंडियन एयरफोर्स, पद वायु अग्निवीर, पद संख्या घोषित नहीं, अंतिम तिथि 31 मार्च 2023
3. यंत्र इंडिया लिमिटेड ऑर्डिनेंस फैक्ट्री, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 5395, अंतिम तिथि 28 मार्च 2023
4. कर्मचारी चयन आयोग एसएससी, पद फेज 11, पद संख्या 5369, अंतिम तिथि 28 मार्च 2023
5. बीएसएफ, पद कांस्टेबल ट्रेड्समैन, पद संख्या 1284, अंतिम तिथि 27 मार्च 2023
6. सीआरपीएफ, पद कांस्टेबल ट्रेड्समैन, पद संख्या 9212, अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2023
7. एग्रीकल्चर साइंटिस्ट रिक्रूटमेंट बोर्ड, पद एसएमएस, एसटीओ, नेट, पद संख्या 195, अंतिम तिथि 10 अप्रैल 2023
8. नेशनल इनफार्मेशन सेंटर एनआईसी, पद साइंटिस्ट बी, साइंटिफिक ऑफिसर, टेक्निकल असिस्टेंट, पद संख्या 598, अंतिम तिथि 4 अप्रैल 2023




# प्रियंका चोपड़ा

## को 22 साल में पहली बार मिली लीड एक्टर के बराबर फीस, बोलीं-मुश्किल में पड़ सकती हूं लेकिन..



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा प्रोजेक्ट Citadel को लेकर लगातार सुर्खियों में हैं। रूसो ब्रदर्स के निर्देशन में बनी इस सीरीज के लिए प्रियंका चोपड़ा को पहली बार उनके मेल को-स्टार के बराबर फीस मिली है। एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में बताया कि हो सकता है कि यह बोलकर मैं मुश्किल में पड़ जाऊं, लेकिन निर्भर करेगा कि मेरी कही हुई बात को कौन देख रहा है।

**प्रियंका को पहली बार मिली बराबर की फीस-** प्रियंका चोपड़ा ने कहा, मैं पिछले 22 साल से एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम कर रही हूं। मैंने अभी तक के अपने करियर में 70 से ज्यादा फिल्में और 2 टीवी शोज किए हैं। लेकिन जब मैंने Citadel की, तो यह मेरे करियर में पहली बार था जब मुझे बराबर की फीस दी गई। मुझे यह कहते हुए हंसी आ रही है, लेकिन यह पागल करने जैसा था।

**प्रियंका को हमेशा था इस बात का अफसोस-** प्रियंका चोपड़ा ने अपने मन की तकलीफ जाहिर करते हुए कहा, मैं भी बराबर की मेहनत और काम करती थी, लेकिन मुझे हमेशा कम फीस दी जाती थी। लेकिन अमेजन स्टूडियो ने कहा कि आप ये डिजर्व करती हैं, आप दोनों को-लीड्स हैं, यह अनफेयर हो जाएगा (अगर आपको कम फीस दी जाए)। तब मेरा रिएक्शन था कि आप सही कह रहे हैं। यह गलत होगा।

**हॉलीवुड है प्रियंका चोपड़ा का मेन फोकस-** बता दें कि शादी के बाद से प्रियंका चोपड़ा अपने पति निक जोनस के साथ ज्यादातर बाहर ही रहती हैं और अब उनका मुख्य फोकस हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स पर रहता है। बता दें कि प्रियंका चोपड़ा इस बीच अपने हिंदी पट्टी के फैंस का भी ख्याल रखती हैं और बीच-बीच में भारतीय फिल्मों में भी नजर आती रहती हैं। बता दें कि एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रियंका चोपड़ा आज की डेट में एक फिल्म के लिए 14 करोड़ रुपये तक चार्ज करती हैं।

# मौनी रॉय एक बालकनी में खड़े होकर सनबॉथ लेती नजर आ रहीं हैं, जिनमें वो बेहद हॉट लग रहीं...



### बालकनी में सनबॉथ लेती नजर आईं मौनी रॉय, फैंस बोले-कत्ल करे तेरा बॉम फिगर

टीवी की दुनिया से बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली हॉट एक्ट्रेस मौनी रॉय इंस्टाग्राम पर एक बार फिर अपने बोल्ड अंदाज को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं। इन तस्वीरों में मौनी रॉय का ग्लैमरस लुक फैंस की धड़कनें बढ़ाता नजर आ रहा है, तो आइए आपको दिखाते हैं उनकी ये तस्वीरें। इन तस्वीरों में, मौनी रॉय एक बालकनी में खड़े होकर सनबॉथ लेती नजर आ रहीं हैं। फोटोज में मौनी रॉय, व्हाइट क्रॉप टॉप और थाई-हाई स्लिट स्कर्ट में बेहद गॉर्जियस लग रहीं हैं, जिन्हें देखने के बाद फैंस होश को बैठे हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए मौनी रॉय ने इन्हें कैप्शन दिया - ऑफ सॉनेट्स और सनसेट्स.. ऑरलैंडो। फोटोज में मौनी रॉय मिनिमल मेकअप के साथ खुले बालों को मैच किया है और वो जमकर अपने कर्वी फिगर और पतली कमर को फ्लॉन्ट करती दिखाई दे रहीं हैं। मौनी रॉय की इन तस्वीरों पर उनके हजारों चाहने वाले - हॉट, कतल करे तेरा बॉम फिगर, मौनी तुम सूरज से ज्याद हॉट हो, कितनी ऑसम हो आप, वाओ और गॉर्जियस जैसे कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं।

# क्रिकेटर्स की क्रश बन गई हैं रश्मिका मंदाना, इस बात पर ऐसा था एक्ट्रेस का रिएक्शन

साउथ की सुपरस्टार एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को बॉलीवुड में भी बहुत तेजी से फेम मिला है। बहुत कम वक्त में बॉलीवुड की कई फिल्मों में नजर आ चुकीं रश्मिका मंदाना के बारे में हाल ही में ऐसी खबरें आई थीं कि वह क्रिकेटर्स के बीच तेजी से पॉपुलर हुई हैं। इस बारे में जब सीधे रश्मिका मंदाना से सवाल किया गया तो जानिए कैसा था एक्ट्रेस का रिएक्शन।



**क्रिकेटर्स की क्रश बनीं रश्मिका-** रश्मिका मंदाना जब एक इवेंट से निकल रही थीं तो पापाराजी ने सीधे तौर पर उनसे कहा कि वह क्रिकेटर्स की क्रश बन चुकी हैं। इस पर रश्मिका मंदाना ने कहा- अच्छा वह मुस्कुराईं और आगे बढ़ गईं। रश्मिका ने इस बात पर कुछ खास नहीं कहा लेकिन वायरल वीडियो में फैंस यह सवाल पूछने वाले से बहुत नाराज नजर आए।

**क्रिकेटर्स वाली बात पर नाराज फैंस-** एक शख्स ने लिखा- ये किसी भी क्रिकेटर की क्रश नहीं है। शुभम गिल ने क्लैरिफाई किया है। कुछ भी मत बोलो आप। इसी तरह एक यूजर ने लिखा- कौन से क्रिकेटर की क्रश हो गई है? ओवरएक्टिंग की दुकान। एक शख्स ने लिखा- सबसे पूछ तो लो एक बार, जबरदस्ती क्रश बना दी। इसी तरह बहुत से लोगों ने नाराजगी जताई है।

**मुझे आंख मार देनी चाहिए थी-** इसी वीडियो में जब पापाराजी ने रश्मिका मंदाना की तारीफ की तो उन्होंने पूछा- आप थे वहां पर? पैप्स के हां कहने पर एक्ट्रेस ने कहा- मुझे आपको आंख मार देनी चाहिए थी और दिल बना देना चाहिए था। एक्ट्रेस के क्यूट अंदाज में यह बात कहने पर पैप्स की भी बोलती बंद हो गई। बता दें कि रश्मिका फिल्म पुष्पा के बाद बॉलीवुड में फेमस हुई हैं।



# फेशियल हेयर रिमूव करने के लिए रेजर का इस्तेमाल सही है या नहीं

कुछ महिलाओं के चेहरे पर बालों की ग्रोथ जादा होती है। वे रेजर से फेशियल हेयर को रिमूव करना चाहती हैं। पर क्या फेशियल हेयर रिमूव करने के लिए किया जा सकता है रेजर का इस्तेमाल? जानते हैं एक्सपर्ट से। चेहरे, पैर, हाथ पर हेयर ग्रोथ आम समस्या है। इसे हटाने के लिए तरह- तरह के घरेलू उपाय किये जाते हैं। चेहरा साफ़-सुथरा दिखे, इसके लिए हम वैक्स, ब्लीच और रेजर का प्रयोग करते हैं। हालांकि यह एक मिथ है कि रेजर का इस्तेमाल पुरुष कर सकते हैं, महिलाएं नहीं। इससे बालों की ग्रोथ ज्यादा हो सकती है और बाल हार्ड भी हो सकते हैं। क्या महिलाओं के लिए रेजर का इस्तेमाल सही है, यह जानने के लिए हमने बात की प्राइमस सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, गुरुग्राम में कंसल्टेंट डर्मेटोलॉजिस्ट और कॉस्मेटोलॉजिस्ट डॉ. नव्या हांडा से।

**फेशियल हेयर रिमूव करने के लिए रेजर है पूरी तरह सेफ-** डॉ. नव्या बताती हैं, 'जो महिलाएं चेहरे पर बालों का बढ़ना पसंद नहीं करती हैं। वे चाहती हैं कि उनकी त्वचा हर समय साफ रहे, तो उनके लिए रेजर एक बेहतरीन विकल्प साबित होता है। साथ ही वे रेजर से अपनी आइ ब्रो के एक्स्ट्रा बाल को भी रिमूव कर सकती हैं। उसे सही आकार दे सकती हैं। इससे ठोड़ी, माथे और ऊपरी होंठ के बालों को हटाया जा सकता है। इसके अलावा, साइडबर्न से भी छुटकारा पाया जा सकता है।

**शेविंग से बालों की थिकनेस या ग्रोथ पर नहीं पड़ता असर-** डॉ. नव्या कहती हैं कि निश्चित रूप से शेविंग का बालों के विकास, रंग, या उनकी मोटाई पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। बालों की थिकनेस जैसी रहती है, वही रह जाती है। रेजर के इस्तेमाल से उनकी थिकनेस बढ़ना संभव नहीं है। हालांकि, चेहरे के बालों की शेविंग शुरुआत में मुश्किल लग सकती है। बाल थोड़े रूखे भी हो सकते हैं। यह बालों को जड़ से खत्म करने की बजाय ऊपरी हिस्से को काट देता है।

**स्किन इरिटेशन या लाल हो सकती है स्किन -** शेव करने के बाद जब बाल पूरी तरह से वापस बढ़ जाते हैं, तो वह फिर अपने नेचुरल रूप में ही होगा। संभव है कि आपके चेहरे के बाल 2-3 दिन में ही दिखाई देने लगें। जबकि वैक्सिंग से बाल 1-2 सप्ताह बाद ही आ पाते हैं। अधिकांश महिलाओं को चेहरे की शेविंग पूरी तरह से सुरक्षित लगती है। कभी कभी इसके परिणामस्वरूप चेहरे पर जलन हो सकती है। स्किन पर लाली की थोड़ी मात्रा हो सकती है।

**डल रेजर का नहीं करें इस्तेमाल-** यदि आप शेविंग के लिए किसी डल रेज़र का उपयोग करती हैं, तो इसका मतलब है कि आप त्वचा पर बहुत अधिक दबाव डाल रही हैं। यदि आपकी स्किन संवेदनशील है या स्किन पर सक्रिय मुंहासे हैं, तो आप जलन अनुभव कर सकती हैं।

# आपकी प्रजनन क्षमता प्रभावित कर रहा है स्मोकलैस तंबाकू

तंबाकू कंपनियां बहुत चालाकी से उन स्थानों पर स्मोकलैस टबेको की मार्केटिंग स्मोकिंग के विकल्प के रूप में करती हैं, जहां स्मोकिंग की मंजूरी नहीं होती। आंकड़े बताते हैं कि 15 साल से बड़ी उम्र की 12 फीसदी लड़कियां इनकी गिरफ्त में हैं। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइज़ेशन के अनुसार, तंबाकू सेवन हर साल करीब 8 मिलियन मौतों का कारण बनता है। हालांकि तंबाकू सेवन करने वाले प्रमुख रूप से धूम्रपान करते हैं, लेकिन इधर कुछ समय से स्मोकलैस यानी धुंआरहित तंबाकू सेवन में भी काफी बढ़ोतरी हुई है। इसका मुख्य कारण है यह गलत प्रचार कि यह धूम्रपान के मुकाबले यह कम नुकसानदायक होता है। जबकि वास्तविकता यह है कि स्मोकलैस तंबाकू भी आपकी प्रजनन क्षमता, प्रोडक्टिविटी, हार्ट और लंग हेल्थ को प्रभावित करता है।



**तेजी से बढ़ रहे हैं भारत में इसके उपभोक्ता-** भारत, धुंआरहित तंबाकू सेवन के मामले में दुनियाभर में 75% हिस्सेदारी रखता है। महिलाओं और युवतियों में इसका प्रयोग तेजी से बढ़ा है। उल्लेखनीय है कि भारत में बीड़ी और धुंआरहित तंबाकू न सिर्फ सबसे सस्ते हैं, बल्कि इन पर टैक्स भी सबसे कम है। ऐसे में इनका चलन काफी बढ़ गया है। जहां तक स्वास्थ्य संबंधी चेतावनियों का सवाल है, तो बीड़ी पर ऐसी कोई चेतावनी नहीं होती।हालांकि धुंआरहित तंबाकू उत्पादों पर यह दर्ज होती है, लेकिन अंग्रेज़ी में और वो भी काफी छोटे प्रिंट में रहती है। इस बीच, सरकार लगातार तंबाकू नियंत्रण नीतियों को लागू करने की कोशिश कर रही है, लेकिन इंडस्ट्री किसी-न-किसी तरीके से इसे रोकने में अब तक सफल रही है।

## धर्मदर्शन

# भारत के इन मंदिरों में जाने से ही कांप जाती है लोगों की रूह, जानिए क्या है इनकी खासियत

भारत अपनी आध्यात्मिकता के लिए पूरी दुनिया में फेमस है। भारत अपनी विविधता, संस्कृति के लिए जाना जाता है। वहीं पर आपको तकरीबन हर शहर में कोई न कोई पवित्र और फेमस जगह देखने को मिलेगी। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि पूर्व से लेकर पश्चिम तक और उत्तर से लेकर दक्षिण तक भारत के मंदिरों का इतिहास काफी पुराना रहा है। हर मंदिर के पीछ अपनी आस्था और कहानी छिपी होती है। इन मंदिरों को देखने के लिए दूर-दूर से लोग भारत आते हैं। लेकिन क्या आप भारत के कुछ डरावने मंदिरों के बारे में जानते हैं। आपको बता दें कि यह मंदिर अपनी डरावनी कहानियों के लिए काफी ज्यादा फेमस हैं। जहां पर लोगों की डर से चीख तक निकल जाती है। आइए जानते हैं इन मंदिरों के बारे में...




**किराडू मंदिर** राजस्थान अपने कल्चर, संस्कृति और वास्तुकला के लिए फेमस है। आपको बता दें कि राजस्थान के बाड़मेर में किराडू मंदिर में लोग अकेले जाने से पहले कई बार सोचते हैं। मान्यताओं के अनुसार, इस मंदिर को साधुओं ने श्राप दिया था। तभी से यह मंदिर श्रापित हो गया। बताया जाता है कि एक बार एक साधु अपने शिष्यों के साथ यहां घूमने के लिए आए थे। इसके बाद वह साधु कुछ समय के लिए अपने शिष्यों को यहां छोड़कर कहीं और चले गए थे। जब वह वापस आए तो देखा कि उनके सभी शिष्यों की मौत हो चुकी थी। इससे नाराज होकर साधू ने किराडू मंदिर को श्राप दिया था कि जो भी यहां घूमने आएगा। वह जिंदा वापस नहीं जा पाएगा।

**भूतों वाला मंदिर** इस मंदिर के नाम से ही आप इसके बारे में अंदाजा लगा सकते हैं। बता दें कि यह मंदिर उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले से करीब 50 किलोमीटर दूर स्थित है। इस मंदिर को गुप्तकालीन मंदिर और भूतों वाला मंदिर भी कहा जाता है। इस मंदिर का इतिहास भी काफी डरावना है। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस मंदिर में किसी भी देवी-देवता की मूर्ति नहीं है। कहा जाता है कि एक दिन यहां से अजीब सी डरावनी आवाजें आने लगीं। जिसके बाद से यहां पर पूजा पाठ की शुरूआत होने लगी। यहां इस मंदिर में शाम को पूजा करने के लिए कोई नहीं आता है।

**दत्तात्रेय मंदिर** मध्यप्रदेश में स्थित दत्तात्रेय मंदिर की गिनती भी भुतहा मंदिरों में की जाती है। यहां के बारे में कहा जाता है कि इस मंदिर में आने वाले लोगों को अजीब सा एहसास होता है। कई बार यहां आने वाले लोगों को लगता है कि उनके शरीर पर किसी का कब्जा है। बता दें कि अमावस्या के दिन कोई भी व्यक्ति इस मंदिर में दर्शन के लिए नहीं आता है।

इसके अलावा यह भी कहा जाता है कि इस मंदिर में जो व्यक्ति आता है वह गालियां देता है।

**देवजी महाराज मंदिर** मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के मालाजपुर गांव में स्थित देवजी महाराज मंदिर में हर साल भूतों का मेला लगता है। जिन लोगों पर ऊपरी साया होता है। उनके परिजन उन्हें यहां झाड़-फूंक कराने के लिए आते हैं। इसी के साथ ही हर महीने की पूर्णिमा को यहां मंदिर के आंगन में लोग इधर-उधर भागते हैं। बताया जाता है कि मंदिर के पुजारी ऐसे लोगों को झाडू मारकर उनके शरीर से बुरी आत्मा निकालने का प्रयास करते हैं। इसके अलावा यहां के लोग इस मंदिर में तंत्र विद्या भी करते हैं।

# चाणक्य नीति के अनुसार इस स्थान पर खुशी-खुशी वास करती हैं मां लक्ष्मी

चाणक्य नीति के अनुसार इस स्थान पर आचार्य चाणक्य की गणना विश्व के श्रेष्ठतम विद्वानों में की जाती है। उनके द्वारा रचित चाणक्य नीति को आज भी विश्व भर में पढ़ा और सुना जाता है। आचार्य चाणक्य की नीतियों का पालन करके ही महान सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य ने मगध देश पर मौर्य वंश की स्थापना की और धनानंद जैसे शासक को परास्त किया था। आचार्य चाणक्य को न केवल राजनीति, कूटनीति, रणनीति का ज्ञान था, बल्कि उन्हें जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के विषय में विस्तृत ज्ञान था। चाणक्य नीति के इस भाग में आज हम जानेंगे की माता लक्ष्मी कैसे स्थान पर खुशी-खुशी वास करती हैं और संसार में क्या निश्चल है?

**चाणक्य नीति ज्ञान**

मूर्खाः यत्र न पूज्यन्ते धान्यं यत्र सुसंचितम् ।

दाम्पत्योः कलहो नास्ति तत्र श्री स्वयमागता ।।

आचार्य चाणक्य ने इस श्लोक के माध्यम से बताया है कि जिस स्थान पर मूर्ख या अज्ञानी व्यक्ति का सम्मान नहीं होता है, जहां अन्न का भंडार हर समय भरा रहता है। जिस स्थान पर पति-पत्नी या परिवार के सदस्यों में कलह की स्थिति नहीं होती है। वहां माता लक्ष्मी स्वयं वास करती हैं। इसलिए मनुष्य को सदैव इन बातों का ध्यान रखकर ही जीवन यापन करना चाहिए। अन्यथा व्यक्ति को आर्थिक, मानसिक व शारीरिक रूप से कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# कोटा में क्यों नहीं रुक रही हैं आत्महत्याएं

बिहार के पश्चिमी चंपारण की रहने वाली शेंबुल परवीन ने कोटा में खुदकुशी कर ली। वह NEET की तैयारी कर रही थीं और कम नंबर आने से परेशान थीं। शेंबुल ने शनिवार को भी खुदकुशी की कोशिश की थी। पिछले ढाई महीने में कोटा में तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स में यह पांचवीं आत्महत्या है।कोटा में बढ़ते जा रहे खुदकुशी के मामलों में बढ़ोतरी साल 2023 की शुरुआत में भी देखी जा रही है। एक मामला 16 जनवरी को सामने आया था, जिसमें उत्तर प्रदेश के अली रजा ने आत्महत्या कर ली। फिर 30 जनवरी यहां कोचिंग में पढ़ने वाले यूपी के प्रयागराज निवासी रणजीत ने फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। इसी दौरान एक छात्र के इमारत की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या के प्रयास का भी मामला सामने आया। पिछले साल दिसंबर में एक ही दिन और एक ही हॉस्टल में दो दोस्तों अंकुश और उज्जवल ने एक साथ खुदकुशी कर ली थी। एक NEET की तैयारी कर रहा था तो एक IIT की। बीते चार सालों में कोटा में आत्महत्या के 53 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। इनमें से 27 मामले अलग-अलग कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के हैं। वहीं, 15 मामले 2022 में सामने आए थे।



राम गोपाल सैनी

**क्या है वजह–** राजस्थान सरकार ने विधानसभा में इन मामलों की जानकारी दी है। उसके मुताबिक 52 आत्महत्याएं सिर्फ कोटा में हुईं, और 1 बारां जिले में। खुदकुशी करने वालों में 16 कॉलेज के और 10 स्कूली छात्र हैं। इनके अलावा, अन्य सभी छात्र अलग-अलग कोचिंग सेंटर्स के हैं। सवाल उठता है कि राजस्थान का एजुकेशन हब कहा जाने वाले कोटा शहर खुदकुशी नगरी क्यों बनता जा रहा है?

***राजस्थान सरकार और कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं ने इसके ये कारण बताए हैं–***

*कोचिंग संस्थानों में मेरिट को लेकर बढ़ता हुआ प्रेशर। नंबर रेस में भाग रहा स्टूडेंट इस तनाव को नहीं सह पाता।*

*कॉम्पिटिशन कहीं न कहीं बच्चों का आत्मविश्वास कम कर देता है, तो वह खतरनाक कदम उठाते हैं।*

*स्टूडेंट्स के अभिभावक तो उनसे अपेक्षाएं करते ही हैं, खुद स्टूडेंट्स भी अपने आप से जरूरत से ज्यादा उम्मीद लगा लेते हैं।*

# ग्रामवासियों को मिलेगी बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ : रामलाल शर्मा

**जयपुर (हमारा वतन)।** सामोद के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विधायक कोष से करवाए गए चिकित्सा उपकरणों के विस्तार कार्यों का लोकार्पण विधायक रामलाल शर्मा और पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव ने किया। विधायक रामलाल शर्मा के द्वारा विधायक कोष से राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सामोद के नवनिर्मित भवन के वार्ड और ऑपरेशन थियेटर में सेंट्रल ऑक्सीजन पाइप लाइन कार्य के लिए 5 लाख रुपये, आधुनिक एक्सरे मशीन मय सीआर सिस्टम स्थापित करने के लिए 6 लाख रुपये और इमरजेंसी यूनिट, आईसीयू, लेबर रूम, नवजात शिशु नर्सरी यूनिट, ओटी, वेल्टीनेटर, 24 कंस्ट्रेटर, 2 ऑक्सीजन सिलेंडर, 8 ऑक्सीजन रेगुलेटर एवं अन्य चिकित्सा उपकरणों के 23 लाख 81 हज़ार रुपयों की लागत सुविधाओं का विस्तार किया गया है। विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाये मिलेगी और ग्रामवासियों को इलाज में सुगमता मिलेगी। साथ ही सेंट्रल ऑक्सीजन सिस्टम चालू होने के साथ मरीजो को पहले की अपेक्षा बेहतर सुविधा मिलेगी। राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सामोद के नवीन



भवन का निर्माण कार्य विधायक रामलाल शर्मा के प्रयासों से हुआ था जिसका आधुनिक सुविधा युक्त भवन आमजन के लिए कोरोना काल में विधायक रामलाल शर्मा शुरू कर दिया था। सीएचसी प्रभारी डॉ नरेंद्र सेनी ने बताया कि विधायक रामलाल शर्मा द्वारा सेंट्रल ऑक्सीजन पाइप लाइन से मरीजो को अब सुविधा मिलेगी। साथ ही मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर बनने से सर्जन, बेहोशी, अपंडेक्स, पथरी, ईएनटी, गायनीक, जनरल सर्जरी, वेंटिलेटर सहित 6 बेड का एनआईसीयू, पीलिया, नवजात बच्चो के नवजात शिशु नर्सरी इकाई की स्थापना से मरीजो को बेहतर इलाज मिल सकेगा।

### प्रदेश के तीनों डिस्कॉम्स में अजमेर डिस्कॉम ने की सर्वाधिक राजस्व वसूली

# पहली बार फरवरी माह तक 99.96 प्रतिशत राजस्व वसूली

जयपुर(नि.सं.)। अजमेर डिस्कॉम कई योजनाओं के संचालन के साथ राजस्व वसूली अभियान में भी राज्य में अव्वल रहा है। अजमेर डिस्कॉम ने फरवरी माह में 1033.59 करोड़ रुपयों की वसूली की है। इतना ही नही डिस्कॉम ने इस वित्तीय वर्ष में अभी तक 99.96 प्रतिशत राजस्व वसूली का लक्ष्य हासिल किया है। फरवरी माह तक कुल 11691.85 करोड़ रुपयों की राजस्व वसूली की है। डिस्कॉम्स के चेयरमैन भास्कर ए सावंत ने फरवरी माह तक 99.96 प्रतिशत राजस्व वसूली करने पर अजमेर डिस्कॉम के अभियान की प्रशंसा की है। प्रबंध निदेशक एन एस निर्वाण ने बताया कि फरवरी माह के दौरान अजमेर सिटी सर्किल से 40.49 करोड़, अजमेर जिला वृत्त से 98.24 करोड़ रुपये, भीलवाड़ा वृत्त से 186.33 करोड़ रुपये, नागौर वृत्त से 100.51 करोड़ रुपये, सीकर वृत्त से 79.79 करोड़ रूपयें , झुंझुनूं वृत्त से 54.03 करोड़ रुपये, उदयपुर वृत्त से 134.21 करोड़ रुपये, राजसमंद वृत्त से 102.98 करोड़ रुपये, बांसवाड़ा वृत्त से 37.89 करोड़ रुपये, चित्तौड़गढ़ वृत्त से 154.33 करोड़ रुपये, डूंगरपुर वृत्त से 13.94 करोड़ रुपये , प्रतापगढ़ वृत्त से 7.46 करोड़ रुपयों के राजस्व की वसूली की है। श्री निर्वाण ने बताया कि निगम का इस वित्तीय वर्ष 102 प्रतिशत राजस्व वसूली का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि डिस्कॉम के अधिकारी एवं कर्मचारी इसी तरह कड़ी मेहनत करते रहेंगे और इस लक्ष्य को आसानी से पा लेंगे। उल्लेखनीय है कि डिस्कॉम ने अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूली के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लक्ष्य तय किए थे। अजमेर डिस्कॉम उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। निगम ने सभी उपभोक्ताओं से अपील कि है कि वे समय पर बिजली का बिल जमा कराए, जिससे डिस्कॉम की वित्तीय स्थिति में और अधिक सुधार हो सके।



### प्रशिक्षक-प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

# अधिकारी अपने आस-पास सकारात्मक माहौल बनाने का प्रयास करें:नवीन जैन

जयपुर(नि.सं.)। जीवन में सीखना एक नियमित प्रक्रिया है लेकिन जब अपने से नीचे के अधिकारियों को सिखाने के लिए सीखना हो तो यह एक बड़ी जिम्मेदारी है। नवीन जैन ने इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान में आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर विभागीय अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। शासन सचिव ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागी अधिकारियों द्वारा सीखी और समझी हुई बातें तभी अन्य अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ सिखाई जा सकेंगी जब उन्होंने पूरे मनोयोग से इन विषयों को समझा, सीखा और जाना हो। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी प्रतिभागी जिला स्तर पर होने वाले प्रशिक्षणों में यह जानकारी नव नियुक्त ग्राम विकास अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ प्रदान कर विभागीय कामकाज में और सुगमता लाने में सहायक सिद्ध होंगे। जैन ने कई सरल एवं रोचक उदाहरणो के साथ प्रतिभागियों को अपने आस-पास, कार्यालय में, अपने अधीनस्थों के साथ एवं जीवन में सकारात्मकता बनाए रखने के गुर बताए। उन्होंने राजकीय कार्यों में गुणवत्ता बढाने के लिए कार्यों एवं नवाचारों के लिए पहल करने, अपनी-अपनी क्षमता के अनुरूप लोकहित में अन्य कार्य करने, अनावश्यक प्रतिस्पर्द्धा से बचने, अच्छे कार्य के लिए अधीनस्थों की सराहना कर प्रोत्साहित करने, स्वयं को नकारात्मक विचारों को दूर रखने का महत्व बताया। नव नियुक्त ग्राम विकास अधिकारियों के जिला स्तर पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए 13 से 16 मार्च तक आयोजित प्रशिक्षक प्रशिक्षण में प्रत्येक जिले से 8 से 10 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, विकास अधिकारी, अतिरिक्त विकास अधिकारी, तकनीकी अधिकारी एवं लेखा अधिकारी शामिल हुए। समापन सत्र से पहले ई-पंचायत पोर्टल, ई-ग्राम स्वराज पोर्टल, निर्माण कार्य, ग्रामीण कार्य निर्देशिका बीएसआर, तकनीकी स्वीकृति, प्रशासनिक स्वीकृति, उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्बन्धी सत्र हुए।




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा